TITLE CODE : UPMUL00792

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# लोक पहल

शाहजहाँपुर, मंगलवार 14 मार्च 2023 | शाहजहाँपुर से प्रकाशित | वर्ष : 2, अंक : 04 पृष्ठ : 8, मूल्य 2 रुपये

# लंदन में बयान, सदन में घमासान

## राहुल गांधी के कैंब्रिज में दिए भाषण पर हंगामा

### » दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित

लोक पहल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लंदन में दिये बयान पर लोक सभा व राज्य सभा में सत्ता पक्ष व विपक्ष में जमकर तीखी बहस हुई। बाद में हंगामा तेज होने पर दोनों सदनों की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई।

लोकसभा में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सदन के सभी सदस्य विदेश में दिए गए बयान की निंदा करें। वहीं राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस मामले पर कहा कि लोकसभा में राहुल गांधी को जितना समय दिया गया था उससे ज्यादा वो बोले हैं, फिर कैसे बोलते हैं कि उन्हें बोलने का अवसर नहीं दिया जाता, उन्होंने भारत के बाहर भारत का कितना अपमान किया। उन्होंने भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए दूसरे देश से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। ये भारत का, भारत के लोकतंत्र का और संसद का अपमान है। वो झूठ बोलकर इस देश का अपमान क्यों कर रहें?



### विपक्षी दलों ने बनाई सरकार को घेरने की रणनीति

बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान दोनों सदनों में रणनीति तैयार करने के लिए विपक्षी दलों की बैठक सुबह पूरी हुई। लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक मणिकम टैगोर ने कहा कि उनकी पार्टी चाहती है कि विपक्ष एकजुट रुख अपनाए। उन्होंने कहा कि हम लोगों के मुद्दों मूल्य वृद्धि, एलपीजी लागत, एजेंसियों के दुरुपयोग, किसानों के मुद्दों, राज्यपालों के हस्तक्षेप को उठाना जारी रखेंगे।

### बीआरएस का राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस

बीआरएस चीफ और तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता के खिलाफ दिल्ली शराब घोटाले में ईडी की कार्रवाई को लेकर भी जोरदार विरोध हो रहा है। बीआरएस नेता और राज्यसभा सदस्य के केशव राव ने इस मामले में स्थगन प्रस्ताव दिया है।

### मोदी कहें तो सही, राहुल कहें तो गलत : खरगे

राज्य सभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी को लेकर बीजेपी नेता पीयूष गोयल के बयान को लेकर पलटवार किया। खरगे ने कहा, हमें किसी कॉलेज में डेमोक्रेसी की बात कहने पर देशद्रोही कहा जाता है। विदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों का जिक्र करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने बीजेपी पर हमला बोला। खरगे ने कहा कि अगर पीएम खुद विदेश में ऐसी बात कहें तो सही और राहुल गांधी कहें तो गलत हो जाता है, ये तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटने वाली बात हो गई। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के भाषण को अपने ढंग से पेश किया. ये इस देश के डेमोक्रेसी को कुचल रहे हैं। डेमोक्रेसी की जगह बीजेपी के राज में नहीं हैं। हर स्वाय निकाय का दुरुपयोग कर रहे हैं।





### सदन के सभी सदस्य करें निंदा : राजनाथ

इस दौरान लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इसी सदन के सदस्य राहुल गांधी ने लंदन में भारत का अपमान किया। मैं मांग करता हूं कि उनके बयानों की इस सदन के सभी सदस्यों द्वारा निंदा की जानी चाहिए और उन्हें सदन के सामने माफी मांगने के लिए कहा जाना चाहिए।



## मुलायम परिवार को 'सुप्रीम' राहत

लोक पहल

नई दिल्ली। उर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के परिवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। अब अखिलेश यादव और प्रतीक यादव की आय से अधिक संपत्ति मामले में आगे सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने मना किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव और प्रतीक यादव की आय से अधिक संपत्ति मामले में सोमवार को सुनवाई की। कोर्ट ने कहा 2013 में सीबीआई ने प्राथमिक जांच के बाद मामला बंद कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि अब सीबीआई से आगे रिपोर्ट मांगने की जरूरत नहीं है। इस संबंध में कोर्ट ने सोमवार को याचिककर्ता विश्वनाथ चतुर्वेदी की याचिका पर सुनवाई की। जिसमें विश्वनाथ चतुर्वेदी ने याचिका दायर कर कोर्ट बताया था कि सीबीआई अब तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। जबकि मार्च 2007 में कोर्ट ने जांच का आदेश दिया था। बता दें कि ये दिवंगत नेता और सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और उनके बेटे अखिलेश यादव के खिलाफ बंद हो चुके आय से अधिक संपत्ति का मामला है। अब सुप्रीम कोर्ट से अखिलेश यादव और अन्य को बड़ी राहत मिली है. सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट की कॉपी की मांग वाली अर्जी को भी खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा याचिका पर अब सुनवाई का कोई आधार नहीं है। जांच बंद होने के छह साल बाद दाखिल याचिका पर सुनवाई का कोई औचित्य नहीं बनता है।

**आय से अधिक संपत्ति मामले में आगे सुनवाई से इंकार**



## नाटू-नाटू गाने को मिला ऑस्कर

### » आरआरआर ने रचा इतिहास, भारत को दो अवॉर्ड
### » पूरे देश ने दी बधाई

लोक पहल

नई दिल्ली। आरआरआर और द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने इतिहास रचते हुए, इस बार दो ऑस्कर अपने नाम किए हैं। हालांकि तीसरी फिल्म ऑल दैट ब्रीथ्स को सिर्फ नॉमिनेशन से ही संतोष करना पड़ा।

आरआरआर फिल्म के गाने नाटू-नाटू ने बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग का ऑस्कर जीता। इसके बाद तो पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई। तो वहीं बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री कैटेगरी में भारतीय डॉक्यूमेंट्री द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने सबको पीछे छोड़ते हुए अवॉर्ड अपने नाम किया। ऑस्कर अवॉर्ड्स 2023 के दौरान चैडविक बोसमैन को श्रद्धांजलि दी गई।

जूनियर एनटीआर और रामचरण ने ऑस्कर अवॉर्ड के साथ तस्वीर शेयर करते लिखा कि ऑस्कर अवॉर्ड घर आ रहा है। सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

**ऑस्कर अवॉर्ड्स 2023 के दौरान चैडविक बोसमैन को श्रद्धांजलि दी गई**



# लाट साहब के जुलूस को दृष्टिगत रखते हुये मण्डलायुक्त ने तैयारियों की समीक्षा की



लोक पहल

**शाहजहाँपुर।** आगामी होली के पर्व को सकुशल शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली सदर में मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान उन्होने कहा कि होली खुशियों का त्योहार है इसलिये सभी इसको मेल जोल आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं। लाट साहब के जुलूस को दृष्टिगत रखते हुये मण्डलायुक्त ने तैयारियों की समीक्षा की उन्होने कहा कि यह जुलूस अत्यंत पुराना है, इसे मेल जोल एवं सतर्कता के साथ मनाया जाये जिससे होली की खुशियां निरन्तर बनी रहे। आयोजकों से अपील करते हुये मण्डलायुक्त ने कहा कि समय का विशेष ध्यान रखें तथा शांतिपूर्ण आयोजन हेतु समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। तैनात किये गये फोर्स को पूरी मुश्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने कहा कि त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गयी है। उन्होने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा कि अफवाहों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया न करें, पहले पुष्टि अवश्य करें तथा सम्बन्धित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी को घटना की सूचना दें। कन्ट्रोल रूम निरन्तर क्रियाशील है जिन पर आकस्मिकता की स्थिति में सूचना दी जा सकती है। पुलिस महानिरीक्षक डा. राकेश सिंह ने कहा कि जुलूस अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा उ.प्र. सरकार एवं मुख्यमंत्री द्वारा भी निरन्तर निगरानी की जाती है। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि पूरी सजगता के साथ सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होने कहा कि सभी के सहयोग से जुलूस सकुशल सम्पन्न होगा। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने अभी तक की गयी तैयारियों के विषय में बताते हुये कहा कि निरन्तर आयोजन कमेटी के साथ बैठक कर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। सीसीटीवी एवं ड्रोन से निगरानी के साथ–साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिसट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदि की तैनाती भी की गयी है। पुलिस अधीक्षक श्री एस आनन्द ने जुलूस के विषय में पूर्ण जानकारी देते हुये बताया कि सभी ड्यूटी लगाते हुये फोर्स की ब्रीफिंग की जा चुकी है। सोशल मीडिया सेल के माध्यम से निरंतर निगरानी की जा रही है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह, डीएफओ प्रखर गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वि. एवं रा. त्रिभुवन, नगर मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 10 मार्च को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन करेगा होली मिलन




लोक पहल

**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय वैश्य महा सम्मेलन के पदाधिकारियों ने संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय गुप्ता के आवास पर प्रेस वार्ता का आयोजन कर आगामी 10 मार्च को होने वाले होली मिलन समारोह की जानकारी देते हुए संगठन की बरेली मंडल अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने बताया कि होली के अवसर पर वैसे तो विभिन्न वर्गों के अलग अलग कई होली मिलन समारोह आयोजित किये जाते हैं। लेकिन वैश्य समाज के सभी उपवर्गों का एक साथ एकमंच पर आगामी 10 मॉर्च दिन शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक सुभाष (हथौडा) चौराहे के निकट गन्ना शोध परिषद के सभागार में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। जिला महामंत्री अजय गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेश खन्ना व अति विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर एस. हलवासिया (प्रदेश भाजपा संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ) उपस्थिति रहेंगे। महिला इकाई की जिलाध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने बताया कि पूरे जिले से समाज के सभी उपवर्गों से लोग कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। महिला इकाई की जिला महामंत्री ने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वृजेश वैश्य, जलालाबाद के चेयरमैन मनेंद्र गुप्ता, पुवायां के चेयरमैन संजय गुप्ता आदि उपस्थित रहेंगे। महानगर अध्यक्ष अनिल गुप्ता (प्रधान) ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में बच्चों के लिए झूले व सभी के लिए समुचित खाने पीने का प्रबन्ध समाज के लोगों द्वारा किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, महानगर के महामंत्री कुलदीप गुप्ता, महिला इकाई की जिलाध्यक्ष रजनी गुप्ता आदि ने जनपद के सभी वैश्य बन्धुओं से कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की। इस दौरान महिला इकाई की महानगर महामंत्री सुधा ओमर, रजनी गुप्ता अभिनय गुप्ता, सचिन बॉथम, विनायक अग्रवाल, चन्द्रमणि गुप्ता, प्रदुमन गुप्ता, विपुल गुप्ता, विवेक गुप्ता



लोक पहल
साप्ताहिक समाचार पत्र
बन रहा है पाठकों की
पहली पसंद
Write to us : lokpahalspn@gmail.com
9935740205, 9455152599

# डा. सोम शेखर ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

## होली मिलन कार्यक्रम में सभी समाज के लोग हुए शामिल

लोक पहल

**शाहजहांपुर।** डॉक्टर सोम शेखर दीक्षित ने सर्व समाज का होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम खिरनीबाग स्थित रामलीला मैदान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारों लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में आने बाले अतिथियों को प्रवेश द्वार पर डॉ. शेखर और उनके परिवार के लोगों ने गुलाल का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। लगभग 25 कवि, कवित्रियों और शायरों ने कविता पाठ किया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने संबोधन में डॉ. शेखर के इस सामूहिक सर्व समाज होली मिलन कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने होलिका माता की जय बोलने को भी गलत बताया और लोगों से आग्रह किया इस परंपरा को बदलें क्योंकि होलिका प्रहलाद को जलाने के लिए आग में जली थी। इसलिए उसकी जय बोलना ठीक नहीं है। अग्निवेश शुक्ल की एक कविता भी मंत्री सुरेश खन्ना ने सुनाई। इस कार्यक्रम में आये अधिकांश लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा की क्योंकि आजकल अलग–अलग जातियों के लोग अपने जाति के लोगों का होली मिलन कर रहे हैं जो समाज के लिए उचित नही है। इस कार्यक्रम में सभी समाज के लोग सभी वर्ग के लोग सभी स्तर के लोग शामिल हुए। शहर के जाने–माने राजनीतिज्ञ, डॉक्टर, अध्यापक, अधिवक्ता इत्यादी बंधु कार्यक्रम में शामिल हुए।




# ऑल इण्डिया वैश्य फैडरेशन ने किया भव्य होली मिलन समारोह

लोक पहल

**शाहजहांपुर।** ऑल इण्डिया वैश्य फैडरेशन का भव्य होली मिलन समारोह गन्नाशोध परिषद के सभागार में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम देर रात्रि तक चला। जिसमें वैश्य समाज के सभी उपवर्गों को मिलाकर हजारों की संख्या में लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट सुधीर एस.हलवासिया ने द्वीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना व जनपद के अमर शहीदों को नमन करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था की रीढ़ है वैश्य समाज जो कि सरकार और देश को चलाने में अपना सबसे अहम योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा वैश्य समाज अनेक घटकों (उपवर्गों) में विभाजित है। इन सभी घटकों को एक मंच पर लाने की जरूरत है। एक मंच पर लाने के लिये हमें अपने समाज के निचले और गरीब तबकों को भी जोड़ना होगा। इससे हमारी ताकत में इजाफा होगा। हमें अपने बच्चों को ऐसे संस्कार दें कि कोई हमारे पर उगंली ने उठा सके। उत्तर प्रदेश के विकास में हमारे समाज का हर क्षेत्र में सबसे अधिक योगदान है। प्रदेश में वैश्य समाज की छह करोड़ से अधिक आबादी है। राजनीति के क्षेत्र में अभी काफी पिछड़ा हुआ हैं। आबादी के हिसाब से हमारे समाज के लोगों को राजनीति में प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश की राजनीति में भागीदारी हासिल करने के लिये हमारे युवाओं को बूथ स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता हैं।मंडल अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने कहा की वैश्य समाज होली मिलन समारोह के द्वारा हम सभी एक साथ गिले–शिकवे मिटाते हुए होली के अभिप्राय को सार्थक बनाते हैं और अपनी एकजुटता का परिचय देते हैं। आजकल समय अभाव के कारण अपनी व्यस्त जिंदगी में लोगों से आपस में मिलना जुलना कम हो गया है जिससे की दूरियां बढ़ती जा रही है। उन्हीं दूरियों को मिटाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों में हम सभी को बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना मुझे पूरी खुशी है कि हमारी टीम के प्रयास से इस कार्यक्रम से हमारे हजारों परिवार एक साथ मिले हैं और सभी ने एक दूसरे को होली के पर्व की बधाई दी है। आज के कार्यक्रम में महानगर के साथ–साथ हमारे ग्राम व कस्बों से भी कई परिवार कार्यक्रम में शामिल हुए जिसमें की हजारों की संख्या रही। जिला महामंत्री अजय कुमार गुप्ता जी ने कहा अजय कुमार गुप्ता आढ़ती ने कहा की हम सभी लोग एक दूसरे के सुख दुख में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने सभी उप वर्गों में बँटे हुए समाज को एकजुट करने का प्रयास करेंगे महानगर अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता प्रधान ने कहा कि होली मिलन का यह सुंदर कार्यक्रम हमारे पूरे वैश्य समाज को फूलों की एक माला में पिरोने का कार्य कर रहा है। हमारे समाज के सभी लोग एक साथ एक कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। जिसमें कि सर्व समाज के लोग हैं और इस भाईचारे से एकता में मजबूती आती है। महिला जिला अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने कहा कि हमारे समाज में वैश्य एकजुटता की बहुत आवश्यकता है। हम प्रयास करेंगे कि वैश्य समाज के सभी वर्गों को एक करें इसके लिए हम सभी लोग हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार मनोज प्रबल ने अंत में आभार संगठन के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिनय गुप्ता महानगर महामंत्री कुलदीप गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मनेन्द्र गुप्ता, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश वैश्य भारत भूषण गुप्ता, बरेली मंडल प्रभारी डॉ. अनिल अग्रवाल, मंडल महामंत्री डॉ. मोहित अग्रवाल, जय हिंद एसबीआई के जीएम जैन आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में विशंभर दयाल गुप्ता, विनायक अग्रवाल, नीरज गुप्ता, अतुल गुप्ता, मुकेश गुप्ता, रूमी, सचिन बाथम, रजनी गुप्ता, सुधा ओमर, नलिनी ओमर, अपर्णा गुप्ता, आरती गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, मनोज प्रबल, राजाराम गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, तिलहर पूर्व चेयरमैन देवेंद्र गुप्ता, अलका गुप्ता, सीबी गुप्ता, अंशिका गुप्ता, श्रेया गुप्ता, श्रुति गुप्ता, नीतू, मुदित गुप्ता, रोचक गुप्ता, विकास गुप्ता, कमलेश गुप्ता, मंजू रानी गुप्ता, नीलम गुप्ता, रुचि गुप्ता, निशा गुप्ता समेत हजारों लोग मौजूद रहे।




# जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न




लोक पहल

**शाहजहाँपुर।** सांसद अरूण कुमार सागर की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित सभाकक्ष में शनिवार को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जनपद में संचालित केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए माननीय सांसद ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिति द्वारा दिए गए निर्देशों का समयांतर्गत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सांसद ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जन समस्याओं का बेहतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये जिससे लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्रों को लाभन्वित किया जा सके। बैठक के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी/ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जल कार्यक्रम, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अमृत योजना, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास सेवाएं, मध्याह्न भोजन योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गयी। जर्जर भवनों का नियमानुसार ध्वस्तीकरण शीघ्र कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये। विद्यालयों में सफाई कर्मी नियमित रूप से उपस्थित हो इस हेतु भी निर्देशित किया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों को विधायक निधि के लंबित कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने के लिये भी निर्देश दिये गये। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत डाली गयी पाइपलाइन के बाद सड़को के रिस्टोरेशन कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक के दौरान वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना जी ने निर्देशित करते हुए कहा कि गौशालाओं से प्राप्त होने वाले गोबर तथा गो मूत्र के कॉमर्सियल उपयोग हेतु योजना तैयार की जाए, जिससे गोशालाएं आत्म निर्भर हो सकें तथा सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने सभी गौशालाओं में हरे चारे का भी समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। सभी विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये मंत्री ने कहा कि जिन विद्यालयों में कोई शिक्षक तैनात नही है वहां नियमानुसार शिक्षकों का प्रबन्धत सुनिश्चित किया जाये। उन्होने सभी अधिकारियों को प्रेरित करते हुये कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किये जाये। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा देश एवं प्रदेश के लिये किये जाने वाले सराहनीय कार्यों के विषय में बताते हुये मंत्री ने कहा कि उ.प्र. निरंतर आगे बढ़ रहा है यहा सबसे ज्यादा भर्तियां, समय से पदोन्नति एवं स्थायित्व हो रहा है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री से प्रेरणा लेते हुये सभी को पूर्ण प्रयास कर देश एवं कर्तव्य को सर्वोपरि रखते हुये पूरी निष्ठा के साथ कार्यो को करना चाहिए। उन्होने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों का नियमित रूप से पर्यवेक्षण सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने जनपद में संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी दी तथा मुख्य विकास अधिकारी एसबी सिंह ने समिति को आश्वस्त किया कि बैठक में दिये गये निर्देशों को समयान्तर्गत अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। बैठक के दौरान नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी आरके गौतम, पीडीडीआरडीए अवधेशराम सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण, ब्लाक प्रमुख एवं समिति के नामित सदस्यगण उपस्थित रहे।

# संकल्प ने किया वार्षिक समागम व होली मिलन

## पहली अप्रैल को होगा महामूर्ख सम्मेलन, डा. इन्दु अजनबी ने किया संचालन

लोक पहल

**शाहजहांपुर।** रचनात्मक संस्था संकल्प ने वार्षिक समागम व होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष हिमान्शु पाराशरी व महासचिव विजय तुली ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके पश्चात निर्णय लिया गया कि पहली अप्रैल को संस्था द्वारा परम्परागत महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। गुरु नानक पाठशाला के प्रांगण में आयोजित हुए कार्यकम में संस्था अध्यक्ष हिमान्शु पाराशरी ने वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया। संस्था संस्थापक डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी ने संस्था के उदेश्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. सोम शेखर दीक्षित व डॉ. रवि मोहन ने होली की शुभकामनाएं दीं व संस्था के कार्यों की प्रशंसा की। संचालन करते हुए कवि डॉ. इन्दु अजनबी ने अपनी रचनाओं से उपस्थित लोगों पर काव्य फुहारें छोड़ीं। इस मौके पर संरक्षक सुनील अग्निहोत्री, डॉ. अनुराग अग्रवाल, गीता पाण्डेय, गीता त्रिवेदी, डॉ. राकेश दीक्षित, डॉ. एसके मिश्र, प्रवीण मिश्र, डॉ. राजेन्द्र कुशवाहा, अजय गुप्ता, डॉ. एमएन शुक्ल, कंचन मिश्र, हरमीत कौर, ज्योति गुप्ता, डॉ. सुरेश मिश्र, राजीव गुप्ता, डॉ. केके शुक्ला, शशि गुप्ता, नरेश चन्द्र त्यागी, रेनू सक्सेना, रचना चांदना, रश्मि शुक्ला, रमेश शंकर पाण्डेय, चन्द्र देव अवस्थी, धर्मेन्द्र दीक्षित, सरदार रवीन्द्र सिंह, अनामिका अवस्थी, नितेश गुप्ता, डॉ. सुशील कुमार मिश्र, सुनीता गुप्ता, तेजवीर गुप्ता, नीरज अवस्थी, अनूप वर्मा, पूनम शर्मा, मनमोहन त्रिपाठी, कृष्ण विनोद मिश्रा, शरद गुप्ता, मोहन ग्रोवर, सुधांशु त्रिपाठी, आशा तिवारी व सुभाष अवस्थी समेत अनेक लोग उपस्थित रहे। अन्त में आभार गुरु प्रकाश होरा ने व्यक्त किया।

## सम्पादकीय

# भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग का सफर और संबंधों का अहम सरोकार

भारत और आस्ट्रेलिया के बीच कूटनीतिक संबंध पहले से ही सहज रहे हैं, लेकिन मौजूदा दौर में तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में दोनों देशों ने जैसे सरोकार दिखाए हैं, वे कई लिहाज से अहम हैं। चीन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्र में जैसी दखल दी है और खासकर हिंद–प्रशांत क्षेत्र में उसके आक्रामक रुख के चलते पड़ोसी और सीमा से सटा देश होने के नाते भारत में जैसी चिंता पैदा की है, उसके मद्देनजर स्वाभाविक ही भारत को अपने हर मोर्चे पर मजबूत विकल्प खड़े करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत महसूस हो रही है।

आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की ताजा भारत यात्रा और इस दौरान आपसी सहयोग की दिशा में बढ़े कदम को इसी संदर्भ में देखा जा सकता है। गौरतलब है कि इस दौरान रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के साथ–साथ भारत और आस्ट्रेलिया के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते को जल्द से जल्द पूरा करने पर सहमति बनी। उम्मीद जताई गई है कि इस साल के पूरा होते–होते समझौते को अंतिम स्वरूप दे दिया जाएगा।

दरअसल, पिछले साल ही भारत और आस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे और उसी को अब जमीनी स्तर पर उतारने के लिए तेजी से काम चल रहा है। आस्ट्रेलिया भारत को मुख्य रूप से कच्चे माल का निर्यात करता है, जबकि भारत से वह परिष्कृत वस्तुओं का आयात करता है। यही स्थिति दोनों देशों के लिए अनुकूल और फायदेमंद अवसरों का निर्माण करती है। इसी क्रम में द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा गया है। पिछले कुछ सालों के दौरान रक्षा क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय समझौते के तहत एक–दूसरे की सेनाओं के लिए साजो–सामान के समर्थन से लेकर सुरक्षा एजंसियों के बीच नियमित और उपयोगी सूचनाओं का आदान–प्रदान होता रहा है।

अब उस तंत्र को और मजबूत करने पर बात बढ़ी है। आतंकवाद और आतंकी संगठनों के खिलाफ साझा और ठोस लड़ाई पर बनी सहमति को वक्त का तकाजा कहा जा सकता है। साथ ही दोनों पक्षों ने खेल, नवाचार, दृश्य–श्रव्य उत्पादन और सौर उर्जा के क्षेत्रों में आपसी सहयोग के लिए चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

अल्बनीज की यात्रा के दौरान एक अहम बिंदु यह भी रहा कि भारत के प्रधानमंत्री ने उनके सामने आस्ट्रेलिया में पिछले दिनों कुछ मंदिरों पर हमलों को लेकर आपत्ति दर्ज कराई। जब दो देशों के बीच सहयोग का विस्तार होता है, तो उसमें सांस्कृतिक स्तर पर एक–दूसरे का खयाल रखना जरूरी पक्ष होता है। यही वजह है कि आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर हमलों के लिए जिम्मेदार किसी भी व्यक्ति को कानूनी सख्ती का सामना करना पड़ेगा। भारत और आस्ट्रेलिया अगर सुरक्षा सहित हर मोर्चे पर आपसी सहयोग के तंत्र को व्यापक बनाने की कोशिश कर रहे हैं तो इसका असर चीन की कूटनीति पर भी पड़ेगा। यह किसी से छिपा नहीं है कि चीन भारतीय सीमा में अक्सर नाहक दखल देता और जानबूझ कर विवाद पैदा करने की कोशिश करता रहा है। चीन शायद इसलिए भी ऐसा कर पाता है कि भारत का सहिष्णु और धीरज का रुख उसे अपनी मनमानी के अनुकूल लगता है। मगर सच यह है कि भारत ने इस मसले को हमेशा ही संवेदनशील माना है। अपने स्तर पर मोर्चे को मजबूत करने के अलावा अन्य देशों के साथ–साथ आस्ट्रेलिया से रणनीतिक साझेदारी को व्यापक स्वरूप देना इसी का हिस्सा है।

# मोटे अनाज को बढ़ावा देना आसान नहीं

**पवन मिश्रा**

संयुक्त राष्ट्र और भारत की केंद्रीय सरकार द्वारा साल 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किए जाने के बाद सरकारी एजेंसियों की हर चंद कोशिश रहेगी कि भारत को मोटा अनाज उत्पादन और निर्यात का मुख्य धुरा बनाया जाए। मोटा अनाज मानव के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए वैसे भी अच्छा होता है और यह तीखे मौसम में भी उगाए जा सकते हैं। तथ्य है कि सदियों से मोटा अनाज भारतीय भोजन का हिस्सा और खुराक रहे हैं। वर्ष 1960 के दशक तक ज्वार, बाजरा और रागी का अंश भारतीयों के भोजन में लगभग एक-चौथाई हुआ करता था। लेकिन हरित क्रांति में धान और गेहूं की फसल को मिली तरजीह के बाद इनका अंश कम होता चला गया।

जब से मोटे अनाज का उत्पादन और खपत कम होनी शुरू हुई तब से अब तक हमारी भोजन और खुराक संबंधी आदतें पूरी तरह बदल चुकी हैं। पिछले कुछ दशकों से हम निर्णायक रूप से महीन, प्रसंस्करित, पैकेट बंद और रेडी-टू-कुक भोजन की ओर मुड़ गए हैं। खाद्य-प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा 1960-70 के दशक से मिलना शुरू हुआ था ताकि खाद्यान्न की बर्बादी रोकी जा सके और कृषि उत्पाद का भंडारण लंबे समय तक हो पाए। प्रसंस्करित और पैकेट बंद खाद्य पदार्थों की ओर जाना आर्थिक उदारवाद लागू होने के बाद ज्यादा तेजी से हुआ। वर्ष 1991 के बाद, बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भारत प्रसंस्करित और अति-प्रसंस्करित खाद्य पदार्थों के अलावा अधिक चीनी युक्त पदार्थ उतारने शुरू किए। इस श्रेणी के खाद्य को जंक फूड यानी कबाड़ भोजन कहा जाता है, इन अति-प्रसंस्करित पदार्थों में चीनी, नमक और वसा (सेचुरेटेड और अनसेचुरेटेड) की काफी मात्रा होती है, इनके आने के बाद भारतीयों में मोटापा और असंक्रमित रोगों का इजाफा होने लगा। ऐसी स्थिति में मोटे अनाज को भोजन का मुख्य हिस्सा बनाना काफी चुनौतीपूर्ण होगा। एक ओर किसानों को मौजूदा गेहूं-चावल वाले मुख्य फसल चक्र से हटकर इसकी पैदावार के लिए प्रेरित करना मुश्किल होगा तो दूसरी तरफ उपभोक्ता को अपनी खानपान आदतें सुधारने के लिए शिक्षित करना पड़ेगा। तिस पर यह डर यह है कि जंक फूड उद्योग अपनी प्रचार ताकत से मोटे अनाज के प्रति लोगों की रुचि पैदा ही न होने दें।

जब से विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जंक फूड को असंक्रमित रोगों के जोखिम का मुख्य कारक ठहराया है और नई पीढ़ी में जंक फूड के प्रचार-प्रसार को नियंत्रण करने के लिए नीतियां सुझाई हैं, तब से खाद्य कंपनियां अपने



उत्पाद को किसी भी हीले-हवाले 'स्वास्थ्यप्रद' और 'प्राकृतिक' बताने का प्रयास करने लगी हैं। इसका रूप हमें मल्टीग्रेन बिस्किट, कम चीनी वाले कोला पेय, आटा, नूडल्स और 'दिल-मित्र खाद्य तेल', फ्रूट जूस इत्यादि में देखने को मिल रहा है और उन्हें घर में बने-उगाए भोजन-सब्जियों-फलों का सही विकल्प बताया जा रहा है। कुछ जंक फूड कंपनियों ने पहले ही हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय मोटा अनाज अनुसंधान केंद्र का दरवाज़ा खटखटाना शुरू कर दिया है। जंक फूड कंपनियों द्वारा अपने उत्पाद को स्वास्थ्यप्रद बताने का एक तरीका है पैकेट पर बड़े-बड़े दावे करते हुए मुख्य घटक और मिलाये गए नुकसानदायक अवयवों की जानकारी छिपाना। भारत की खाद्य नियामक संहिता के अनुसार सभी खाद्य पैकेटों पर तयशुदा सारणी के अनुसार 'पौष्टिकता सूचना' लिखना अनिवार्य है, जिसमें मुख्यत: चीनी, वसा, कार्बोहाईड्रेट्स इत्यादि की जानकारी होती है। अब अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नियमन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक संस्थान ने प्रस्ताव दिया है कि खाद्य-पैकेट के मुख्य पार्श्व पर पौष्टिकता-अवयव संबंधी लघु जानकारी देने के अलावा पिछले हिस्से पर तफ्सील देना जरूरी किया जाए। कहा जा रहा है कि इससे ग्राहक को अपनी सेहत स्थिति के मुताबिक उत्पाद चुनने में मदद मिलेगी। यह सूचना आसानी से समझ में आने वाले चिन्हों या फिर पंक्ति (जैसा कि उत्पाद शाकाहारी है या गैर-शाकाहारी बताने में किया जाता है) के रूप में हो सकती है। इस बाबत स्वास्थ्य जागरूकता कार्यकर्ताओं का सुझाव है कि यह ट्रैफिक सिग्नल सरीखे चेतावनी चिन्हों का प्रयोग करके हो सकती है वहीं खाद्य कंपनियां हेल्थ स्टार रेटिंग अथवा पौष्टिक स्टार रेटिंग का सुझाव दे रही हैं (जैसा कि विद्युत उपकरणों पर बिजली खपत के बारे में होता है)। स्टार रेटिंग व्यवस्था वास्तव में भ्रामक हो सकती है क्योंकि स्टार का चिन्ह लगते ही, भले ही एक हो या दो, ग्राहक को लगेगा कि खाद्य पदार्थ कुछ तो ठीक है।

उपभोक्ता सर्वे बताता है कि 10 में 7 ग्राहक चाहते हैं कि खाद्य-पैकेटों पर सामने की ओर चेतावनी संकेत जैसे कि लाल बिंदु होना चाहिए ताकि शिनाख्त करना आसान हो सके। अब हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पौष्टिकता संस्थान ने सूचना के विविध तरीकों पर ग्राहकों की राय जानने के लिए अध्ययन करवाया है। इसके आधार पर उपभोक्ता को यह जानकारी दी जाए कि क्या पौष्टिक या क्या पौष्टिक नहीं है।

# चीन से आयात पर अंकुश की पहल

**अमित श्रीवास्तव**




हाल ही में वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के कार्यक्रम में कहा कि जल्द ही चीन से आयात होने वाले घटिया स्तर के 2000 उत्पादों को गुणवत्ता नियंत्रण के दायरे में लाया जाएगा। साथ ही चीन से सस्ता माल मंगाना आसान नहीं होगा। मैन्युफैक्चरिंग के प्रोत्साहन के लिए बड़े पैमाने पर गुणवत्ता मानक का नियम लागू होगा। निस्संदेह इस समय जब चीन से हर तरह का आयात बढ़ रहा है और चीन से देश का व्यापार असंतुलन चिंताजनक स्तर पर है, तब सरकार का यह फैसला स्वागत योग्य है। इससे चीन से आयात पर अंकुश लगेगा।

गौरतलब है कि इस समय चीन से लगातार बढ़ता व्यापार असंतुलन पूरे देश की एक बड़ी आर्थिक चिंता का कारण बन गया है और इस पर पूरे देश में विभिन्न स्तरों पर विचार मंथन हो रहा है। पिछले माह 23 फरवरी को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एशिया इकोनॉमिक डायलॉग में कहा कि चीन से व्यापारिक असंतुलन की गंभीर चुनौती के लिए सिर्फ सरकार ही जिम्मेदार नहीं है, चीन के साथ व्यापार असंतुलन के लिए सीधे तौर पर देश का उद्योग-कारोबार और देश की कंपनियां भी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कलपुर्जे सहित संसाधनों के विभिन्न स्रोत और मध्यस्थ विकसित करने में अपनी प्रभावी भूमिका नहीं निभाई है। साथ ही देश की बड़ी कंपनियाँ शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में भी बहुत पीछे हैं। विगत 17 फरवरी को वाणिज्य मंत्रालय ने भारत चीन व्यापार के वित्त वर्ष 2022-23 के अप्रैल, 2022 से जनवरी, 2023 तक 10 महीनों के आयात-निर्यात के जो नवीनतम आंकड़े जारी किए हैं, उनके मुताबिक इन 10 महीनों की अवधि में चीन से किए जाने वाले आयात में 9 फीसदी का उछाल आया है। जबकि इस अवधि में चीन को किए जाने वाले निर्यात में 34 फीसदी की भारी कमी आई है। वित्त वर्ष 2022-23 के पहले 10 महीनों में भारत के द्वारा किए जाने वाले कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी 13.91 फीसदी है। भारत ने 10 महीनों में कुल 83.76 अरब डॉलर का आयात चीन से किया है। जबकि इसी अवधि में भारत ने चीन को केवल 12.20 अरब डॉलर का निर्यात किया है।

भारत द्वारा किए जाने वाले निर्यात में चीन की हिस्सेदारी केवल 3.30 फीसदी है। स्थिति यह है कि इस समय जहां दुनिया के 150 से अधिक देशों में भारत से किए जाने वाले निर्यात में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली है। वहीं चीन को निर्यात में लगातार कमी का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। यद्यपि पिछले दो सालों में चीन और भारत के बीच सीमा पर तनाव बढ़ा है। यहां तक कि कई बार हिंसक झड़पें हुई हैं, लेकिन फिर भी व्यापार के क्षेत्र में भारत की चीन पर निर्भरता भी लगातार बढ़ी है। यहां यह उल्लेखनीय है कि वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दिसंबर, 2022 में राज्यसभा में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि चीन के साथ व्यापार घाटा भारत के लिए चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004-05 में भारत और चीन के बीच 1.48 अरब डॉलर का व्यापार घाटा था। लेकिन 2013-14 में ये बढ़कर 36.21 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

इस प्रकार इसमें करीब 2346 फीसदी की वृद्धि हुई। इन वर्षों में चीन से आयात भी बढ़कर दस गुना से अधिक हो गया है। जहां इन वर्षों में पूरा देश चीन में निर्मित घटिया चीनी उत्पादों से भर गया और भारत लगातार बहुत कुछ चीनी सामानों पर निर्भर होता गया, वहीं अभी भी चीन से बढ़ता आयात चुनौती बना हुआ है। चीन से भारत में आने वाले सामान में विभिन्न उद्योगों के उत्पादन में काम आने वाले दवाइयों के कच्चे माल, (एपीआई), दवाइयां, इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रानिक्स सामान, पशु या वनस्पति वसा, अयस्क, लावा और राख, खनिज ईंधन, अकार्बनिक रसायन, कार्बनिक रसायन, उर्वरक, कमाना या रंगाई के अर्क, विविध रासायनिक उत्पाद, प्लास्टिक, कागज व पेपर बोर्ड, कपास, कपड़े, जूते, कांच और कांच के बने पदार्थ, लोहा और इस्पात, तांबा, रिएक्टर, बॉयलर, मशीनरी और यांत्रिक उपकरण विद्युत मशीनरी और फर्नीचर से संबंधित है। इन सामानों का चीन से आयात लगातार बढ़ा है।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि वर्ष 2014-15 से स्वदेशी उत्पादों को हरसंभव तरीके से प्रोत्साहित करके चीन से आयात घटाने के प्रयास हुए हैं। वर्ष 2019 और 2020 में चीन से तनाव के कारण जैसे-जैसे चीन की भारत के प्रति आक्रामकता और विस्तारवादी नीति सामने आई, वैसे-वैसे प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के उपयोग की लहर देश भर में बढ़ती हुई दिखाई दी। देशभर में चीनी सामान के जोरदार बहिष्कार और सरकार के द्वारा टिक टॉक सहित विभिन्न चीनी एप पर प्रतिबंध, चीनी सामान के आयात पर नियंत्रण कई चीनी सामान पर शुल्क वृद्धि, सरकारी विभागों में चीनी उत्पादों की जगह यथासंभव स्थानीय उत्पादों के उपयोग की प्रवृत्ति को लगातार प्रोत्साहन दिए जाने से चीन के सामानों की भारत में मांग में कमी दिखाई दी है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पीएम मोदी द्वारा बार-बार स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने और वोकल फॉर लोकल मुहिम के प्रसार ने स्थानीय उत्पादों की खरीदी को पहले की तुलना में अधिक समर्थन दिया। जहां वर्ष 2022 में दीपावली पर भारतीय बाजारों में चीनी उत्पादों की बिक्री में बड़ी कमी आई, वहीं मार्च, 2023 में होली पर चीनी उत्पाद बाजार से लगभग गायब रहे। यह भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

# भाजपा सरकार अपने घपले छिपाने के लिए विपक्ष को फंसा रही : अखिलेश

## » बोले-नगर निकाय चुनाव में मिलेगा बीजेपी को जवाब

लोक पहल

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने घपले छिपाने और विपक्षी दलों के नेताओं की छवि को खराब करने और बदनाम करने के लिए ईडी और सीबीआई को हथियार बना लिया है। पूर्व सीएम ने कहा कि जनता नगर निकाय चुनाव में भाजपा को महंगाई, बेरोजगारी और अव्यवस्था का जवाब देगी। भाजपा सरकार में शहरों में हर तरफ कूड़ा ही कूड़ा है। भाजपा सरकार नगरों के सीवर सिस्टम को ठीक नहीं कर पाई, लेकिन हाउस टैस और वाटर टैस बढ़ा दिया गया है।



अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। भाजपा सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। वाराणसी में वीवीआईपी संसदीय क्षेत्र में 25000 अवैध निर्माण हो गए जिनमें से अधिकांश में भाजपा के प्रश्रय प्राप्त लोगों की संलिप्तता है। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा से भी ज्यादा मजबूत तैयारी करने में जुटे हैं। देश में संविधान को बचाने की लड़ाई सबको मिलकर लड़नी होगी। उन्होंने जनता को एकजुट करने पर जोर दिया और कहा कि संविधान बचाने के लिए लोगो को ज्यादा से ज्यादा वोट डालने होंगे।

## ‘बसपा के प्रत्याशी बीजेपी आफिस में तय होते हैं’

लखनऊ। बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि अखिलेश जी आपका ये बयान आपकी मानसिक कुंठा को दर्शाता है। राजनैतिक गलियारों के साथ-साथ आपके कार्यकर्ता भी ये जानते हैं कि आप चुनाव इसलिए हारे योंकि आपके चाचा आपके तानाशाही अंदाज के खिलाफ चुनाव लड़े थे। दरअसल, अखिलेश यादव ने एक बयान दिया था जिसमें उन्होंने कहा था कि बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय से तय होते हैं। वह जीतने के लिए तय नहीं होते वह इसलिए तय होते हैं कि समाजवादी पार्टी आगे न बढ़ जाए।

## सीबीआई व ईडी की कार्रवाई पर तेजस्वी हुए मुखर, कहा

# भाजपाइयों और आरएसएस की मुझसे लड़ने की औकात नहीं



लोक पहल

पटना। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने केंद्रीय जांच ब्यूरो(सीबीआई)और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के लिए कहा- क्रोनोलॉजी समझना होगा। डायरेक्टर हैं...अमित शाह। डायलॉग राइटर को बदलना होगा इन्हें। ठेंगा मिल रहा इन्हें हमारे पास से! तेजस्वी से लड़ने की औकात भाजपाइयों और आरएसएस को एकदम नहीं है। इसलिए छापे पर छापा। उन्होंने दिल्ली के ताजा छापों पर बात की और बात-बात में मीडिया को घेरते हुए कहा कि छापे के नाम पर बीजेपी माइंड के मीडिया वाले अभी खबर चलाएंगे, शेर जैसा दहाड़ेंगे...फिर 10 दिन बाद ठाऊं!

राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव से रेलवे में नौकरी के नाम पर काली कमाई के मामले में सीबीआई-ईडी पूछताछ और जांच कर रही है। तेजस्वी ने कहा- पूर्णिया की महारैली से भाजपा वाले डर गए हैं। उन्हें पता है कि वह तेजस्वी को ऐसे नहीं हरा सकेंगे तो मन से तोड़ दो। लेकिन, वह यह नहीं जानते हैं कि हमलोग डरने वाले नहीं हैं। जिगर मेरे पास है। जमीर मेरे पास है। राजनीतिक जमीन मेरे पास है। तेजस्वी के यहां से खजाना मिलने की एक ही बात सात साल से चला रहे हैं। ठेंगा मिला! पंचनामा दिखाओ।

तेजस्वी ने कहा कि यह मेरी बहनों के यहां छापे डलवा रहे। कई ऐसी बहन जो राजनीति में नहीं हैं, उनके यहां भी छापे डलवा रहे हैं। ये लोग हमारे घर की महिलाओं के जेवर उतरवा कर यूज्ड ज्वेलरी जुटाकर फोटो खींचकर दिखा रहे। जहां आठ, दस, पंद्रह महिलाएं हैं तो उनका सोना उतरवा कर कहिएगा तो इतना तो होगा ही। मेरे ज्यादातर बहनों की शादी 2012 के बाद हुई। उनकी अच्छी शादी हुई है। पैसे वाले हैं। अच्छा बिजनेस है हमारी बहनों की ससुराल का।

## रणदीप सुरजेवाला के खिलाफ गैर जमानती गिरतारी वारंट जारी

लोक पहल



वाराणसी। आयुक्त कार्यालय में विरोध प्रदर्शन और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के 23 साल पुराने मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला के खिलाफ कोर्ट ने सख्त रुख अपना लिया है। विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) अवनीश गौतम की अदालत ने मुकदमे की सुनवाई में उपस्थित न होने पर सोमवार को उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया।

साथ ही अन्य आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करते हुए मुकदमे की सुनवाई के लिए 18 मार्च की तारीख तय की है। बहुचर्चित संवासिनी कांड में कांग्रेस नेताओं को फर्जी ढंग से आरोपित बनाए जाने के विरोध में 21 अगस्त 2000 को भारतीय युवा कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश अध्यक्ष एसपी गोस्वामी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने आयुक्त कार्यालय परिसर में जबरदस्ती घुसकर तोड़फोड़ और हंगामा किया था। पुलिस ने मौके से सुरजेवाला, गोस्वामी आदि को गिरफ्तार किया था। मामले में सोमवार को आरोप तय किए जाने को लेकर सुनवाई होनी थी।

# बीजेपी नेता के यौन शोषण से परेशान सातवीं कक्षा की छात्रा ने की आत्महत्या

लोक पहल

आगरा। उर प्रदेश के आगरा जिले के थाना खंदौली क्षेत्र के एक गांव में सातवीं कक्षा की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। इस मामले में बीजेपी नेता पर आरोप है कि उसने लड़की का शारीरिक और मानसिक शोषण किया था। मृतका आरोपी की बेटी की सहेली थी, जिसे आरोपी ने जाल में फंसा लिया था। लगातार हुए उत्पीड़न से आहत होकर किशोरी ने आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने आरोपी पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। किशोरी गांव के एक स्कूल में पढ़ती थी। उसके साथ गांव के रहने वाले राघवेंद्र सिंह चौहान की बेटी भी पढ़ती थी। राघवेंद्र सिंह चौहान बीजेपी नेता है। दोनों छात्राओं के



बीच गहरी दोस्ती थी। यही वजह थी कि दोनों एक-दूसरे के घर आते-जाते रहते थे। रविवार शाम करीब 7 बजे किशोरी ने घर में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। इस दौरान उसके माता-पिता खेत पर गए थे और किशोरी का 8 साल का भाई घर में मौजूद था।

## कॉल डिटेल से खुला मामला

किशोरी के पिता ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान उन्होंने पढ़ाई के लिए बेटी को मोबाइल दिया था। पुलिस ने जब कॉल डिटेल खंगाली तो उसमें एक नंबर पर छात्रा से लंबी बातचीत होती थी। जब पुलिस ने पड़ताल की तो यह नंबर किशोरी की सहेली के पिता बीजेपी नेता राघवेंद्र सिंह चौहान का निकला। किशोरी उसे अंकल कहती थी। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी छात्रा के घर आया करता था। थाना प्रभारी नीरज कुमार मिश्र का कहना है कि इस मामले में किशोरी के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# डयूटीसी फाइनल में पहुंची टीम इंडिया

लोक पहल

अहमदाबाद। भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी मैच में ड्रॉ खेलने के बावजूद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डयूटीसी) के फाइनल में पहुंच गया है। साथ ही ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज भी जीत ली। उधर जून में होने वाले फाइनल के लिए टीम इंडिया के पास एक शानदार प्लान है। दरअसल, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि जिन भारतीय खिलाड़ियों की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमें इस टी20 लीग के प्ले ऑफ में जगह नहीं बना पाएंगी वे खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डयूटीसी) फाइनल से पहले लंदन में दो हते के अनुकूलन शिविर में हिस्सा ले सकते हैं। डयूटीसी फाइनल आईपीएल के ठीक बाद जून में खेला जाएगा।

आईपीएल फाइनल 29 मई को है जबकि डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से ओवल में शुरू होगा।



### ऑस्ट्रेलिया से अंतिम मैच ड्रॉ सीरीज जीती

कोविड-19 के प्रकोप के बाद पहली बार आईपीएल घरेलू और विरोधी के मैदान के अपने मूल प्रारूप में खेला जाएगा, इस दौरान खिलाड़ियों को काफी यात्रा करनी होगी। भारत के मौजूदा नियमित टेस्ट खिलाड़ियों में केवल चेतेश्वर पुजारा आईपीएल का हिस्सा नहीं हैं।

रोहित ने भारत के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज 2-1 से जीतने के कहा, ‘यह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। हम उन सभी खिलाड़ियों के साथ लगातार संपर्क में रहेंगे जो उस फाइनल में खेलने जा रहे हैं और उनके कार्यभार की हीनिगरानी करेंगे तथा देखेंगे कि उनके साथ क्या हो रहा है।

## तीन तेज गेंदबाजों के भरोसे भारत

उन्होंने कहा, ‘21 मई के आसपास छह टीमें होंगी जो संभवत: आईपीएल प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएंगी और इसलिए जो भी खिलाड़ी उपल होंगे हम कोशिश करेंगे कि वे जल्द से जल्द ब्रिटेन पहुंच जाएं।’ तीन मु तेज गेंदबाजों मोहद सिराज (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर), मोहद शमी (गुजरात टाइटंस), उमेश यादव (कोलकाता नाइटराइडर्स) के अपनी फ्रेंचाइजी के लिए नियमित रूप से खेलने की उीद है। उनके 14 ग्रुप लीग खेलों में से कम से कम 12 में खेलने की संभावना है और ऐसे में उनके कार्यभार पर नजर रखना महत्वपूर्ण होगा।

## तेज गेंदबाजों को लाल गेंद से करवाएंगे ट्रेनिंग

रोहित ने कहा, ‘हम सभी तेज गेंदबाजों को कुछ (लाल) ड्यूक गेंदें भेज रहे हैं। उन्हें इससे गेंदबाजी करने का समय मिलता है लेकिन यह सब व्यक्तिगत खिलाड़ियों पर निर्भर करता है।’ भारत में एसजी टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया में कूकाबूरा के विपरीत इंग्लैंड में टेस्ट ड्यूक गेंदों के साथ खेले जाते हैं। देखना होगा कि शमी, उमेश और सिराज यात्रा, मैचों और व्यस्त कार्यक्रम के बीच कितना समय निकाल पाते हैं। लेकिन टेस्ट टीम के अधिकतर सदस्यों के लिए इंग्लैंड कोई नई जगह नहीं है योंकि वे सभी वहां कई सीरीज खेल चुके हैं और उनमें से कुछ ने काउंटी क्रिकेट भी खेला है।

आवश्यकता है
लोक पहल
साप्ताहिक समाचार पत्र को
जनपद शाहजहाँपुर के समस्त क्षेत्रों, तहसीलों, ब्लाक एवं ग्राम स्तर पर संवाददाता चाहिए।
पूर्ण बायोडाटा सहित आवेदन करें।
सम्पर्क करें : 9935740205, 9455152599 | Write to us : lokpahalspn@gmail.com

# पैरेंटिंग स्टाइल का बच्चों पर पड़ता है बड़ा असर



आप किस तरह से अपने बच्चे की परवरिश कर रहे हैं, इसका उसके जीवन और वयस्क होने पर उसके व्यवहार पर काफी असर पड़ता है। हर पैरेंट्स का अपने बच्चे को पालने का अलग तरीका होता है। ज्यादातर पैरेंट्स पैरेंटिंग स्टाइल को मिक्स कर के अपने बच्चे की परवरिश करते हैं लेकिन कुछ मां-बाप एक ही तरह के पैरेंटिंग स्टाइल को फॉलो करना पसंद करते हैं। पैरेंटिंग का हर एक स्टाइल बच्चों पर अलग तरह से असर करता है। आप जिस तरह से अपने बच्चे से बात करते हैं, उसे बड़ा करते हैं, आपका कल्चर और वैल्यू, बच्चे को काफी प्रभावित करता है। आप पूरे ध्यान से बच्चों की बात सुनने की कोशिश करें। बच्चों को अलग-अलग चीजों पर जाने के लिए प्रोत्साहित करें जो उनकी रुचि रखते हैं। बच्चों को बताएं कि क्या ठीक है और क्या ठीक नहीं है। जिस तरह से आप अपने बच्चों से व्यवहार करने की उम्मीद करते हैं वैसा ही व्यवहार आप खुद भी करें और लोगों के साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा आप चाहते हैं कि आपके बच्चे दूसरों के साथ व्यवहार करें।

## कौन सी स्टाइल है बेस्ट

आपके पैरेंटिंग स्टाइल का असर बच्चे के आत्मविश्वास और आत्म-सान पर पड़ सकता है। अपनी पैरेंटिंग को प्रभावी बनाने का तरीका है कि आपके और आपके बच्चे के बीच सानपूर्वक रिश्ता हो ताकि मुश्किलों को शांति से, ईमानदारी से सुलझाया जा सके। पैरेंट्स को काफी जिदार होकर काम करना चाहिए। उन्हें बच्चे की भी बात सुननी चाहिए और अपनी सही बात भी मनवानी चाहिए।



## कई प्रकार की होती है पैरेंटिंग स्टाइल

4 प्रमुख तरह के पैरेंटिंग स्टाइल होते हैं - ऑथोरिटेरियन, ऑथोरिटेटिव, परमिसिव और अनइंवॉल्व्ड पैरेंटिंग। ऑथोरिटेरियन पैरेंटिंग में मां-बाप काफी अनुशासन में बच्चों की परवरिश करते हैं, ऑथोरिटेटिव पैरेंटिंग में पैरेंट्स अपने बच्चों से कुछ उीदें रखते हैं लेकिन वो अपने बच्चे की बात भी सुनते हैं और उसकी परवरिश को लेकर फोकस होते हैं। परमिसिव पैरेंटिंग में पैरेंट्स को ना कहने में दिकत आती है और वो बच्चों के लिए कुछ बाउंड्री सेट करने की कोशिश करते हैं। ये अपने बच्चों को एक समान मानते हैं। वहीं अनइंवॉल्व्ड पैरेंटिंग में पैरेंट्स अपने बच्चे से इमोशनल कनेट नहीं होते हैं और ना ही उससे ज्यादा बात करते हैं।

## बच्चों को कैसे करें सपोर्ट



पैरेंटिंग के ऑथोरिटेटिव स्टाइल को फॉलो करने के लिए बच्चों के साथ अलग-अलग समय बिताएं और चीजों को उनके नजरिए से देखने की कोशिश करें। उन चीजों में दिलचस्पी लें जिनमें उनकी दिलचस्पी हो। जानें कि उनके लिए या हो रहा है, उनकी गतिविधियों या खेलों में जाएं और उनके दोस्तों को जानें। इसके अलावा उन्हें बताएं कि आप उनसे प्यार करते हैं और उन्हें गले लगाएं। इसके अलावा उनकी अत्यधिक चिंता करना बंद करें और रास्ते की हर रुकावट दूर करके उन्हें पंगु न बनायें। यह बच्चों के विकास में बाधा बनता है। परीक्षा का समय बच्चों को मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है। यह समय उनके जीवन में आने वाली कड़ी और बड़ी परीक्षाओं का सामना करने के लायक विश्वास पैदा करता है। अतः उन्हें अपनी मुश्किलों से खुद बाहर निकलना सिखायें।

## देखो हँस मत देना

एक एयरलाइंस ने एक अनोखी योजना शुरू की...आप टिकट खरीदें, साथ में आपकी पत्नी का टिकट मुत! इस योजना में भारी सफलता मिलने के बाद कंपनी ने सारी पत्नियों को फोन करके पूछा- यात्रा कैसी रही...? सभी का एक जैसा ही जवाब था- कौन सी यात्रा...!!!

मरने से पहले पत्नी अपने पति से बोली-मैं जा रही हूं, अब हम स्वर्ग में मिलेंगे...! बस उसी दिन से पति दारू पीने लगा, कुल मिलाकर दुनिया के सारे बुरे काम करने लगा... कुछ भी हो जाए, स्वर्ग नहीं जाना है... मतलब नहीं जाना है...!!!

पत्नी-आधी रात हो गई, कहां हो आप...? आपकी आवाज से ऐसा लग रहा है कि आप टेंशन में हैं, या हुआ...? पति - अरे पगली मैं अपनी कार में हूं, लेकिन एक गड़बड़ हो गई है, कार का स्टीयरिंग, लच, ब्रेक और एसीलेरेटर सब चोरी हो गया है, या करूं, कुछ समझ नहीं आ रहा...! पत्नी - तुम फिर पिए हो या...? पति - थोड़ी सी, मगर उसका कोई टेंशन नहीं है, मैं ठीक हूं, गाड़ी का या करूं, ये बताओ...? पत्नी - लग ही रहा था कि तुम कुछ न कुछ गड़बड़ करोगे, इसीलिए कह रही थी कि मैं साथ में चलती हूं, लेकिन ले जाओ तब ना...! अब एक काम करो... बाईं सीट से उठकर दाईं सीट पर बैठो, सब मिल जाएगा...!!!

## कहानी: जैसे को तैसा

सीतापुरी गांव में जीर्णधन नाम का एक बनिया रहता था। उसका काम कुछ अच्छा नहीं चल रहा था, इसलिए उसने धन कमाने के लिए विदेश जाने का फैसला किया। उसके पास कुछ ज्यादा पैसे या कोई कीमती वस्तु नहीं थी। सिर्फ उसके पास एक लोहे का तराजू थी। उसने वो तराजू साहूकार को धरोहर के रूप में दे दिया और बदले में कुछ रुपये ले लिए। जीर्णधन ने साहूकार से कहा कि वह विदेश से लौटकर अपना उधार चुका कर तराजू वापस ले लेगा। जब दो साल बाद वह विदेश से लौटा, तो उसने साहूकार से अपना तराजू वापस मांगा। साहूकार बोला कि वो तराजू तो चूहों ने खा लिया। जीर्णधन समझ गया कि साहूकार की नियत खराब हो गई है और वह तराजू वापस करना नहीं चाहता। जीर्णधन ने साहूकार से कहा कि कोई बात नहीं अगर तराजू चूहों ने खा लिया है, तो इसमें तुारी कोई गलती नहीं है। उसने साहूकार से कहा कि दोस्त मैं नदी में नहाने जा रहा हूं। तुम अपने बेटे धनदेव को भी मेरे साथ भेज दो। वो भी मेरे साथ नहा आएगा। साहूकार, जीर्णधन के व्यवहार से बहुत खुश था, इसलिए उसने जीर्णधन को सज्जन पुरुष जानकर अपने बेटे को उसके साथ नहाने के लिए नदी पर भेज दिया। जीर्णधन ने साहूकार के बेटे को नदी से से कुछ दूर ले जाकर एक गुफा में बंद कर दिया। उसने गुफा के दरवाजे पर बड़ा-सा पत्थर रख दिया, जिससे साहूकार का बेटा बचकर भाग न पाए। साहूकार के बेटे को गुफा में बंद करके जीर्णधन वापस साहूकार के घर आ गया। उसे अकेला देखकर साहूकार ने पूछा कि मेरा बेटा कहां हैं। जीर्णधन बोला कि माफ करना दोस्त तुारे बेटे को चील उठाकर ले गई है। साहूकार हैरान रह गया और बोला कि ये कैसे हो सकता है? चील इतने बड़े बच्चे को कैसे उठा ले जा सकती है? जीर्णधन बोला जैसे चूहे लोहे के तराजू को खा सकते हैं, वैसे ही चील भी बच्चे को उठाकर ले जा सकती है। अगर बच्चा चाहिए, तो तराजू लौटा दो। साहूकार को अल आई। उसने जीर्णधन का तराजू वापस कर दिया और जीर्णधन ने साहूकार के बेटे को आजाद कर दिया।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा यह सप्ताह

**मेष:** सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी।

**तुला:** शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे।

**वृषभ:** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**वृश्चिक:** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**मिथुन:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े।

**धनु:** किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। राजभय रहेगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क:** प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा।

**मकर:** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**सिंह:** भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**कु:** मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है या समय पर नहीं मिलेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**कन्या:** शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा।

**मीन:** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी।

बॉलीवुड | मन की बात


# मरूंगी तो सबको फंसा के मरूंगी : पायल घोष



पायल घोष ने खुल्लम खुल्ला सुसाइड का ऐलान कर दिया है। पायल घोष ने अपनी इंस्टा पोस्ट पर अपना सुसाइड नोट शेयर किया जिसे देखकर सभी दंग रह गए। दरअसल पायल घोष ने जो लिखा है उसे देखकर सभी चौक गए वो लिखती हैं कि पुलिस उनके घर पहुंची है ऐसे में अगर वो सुसाइड करती हैं तो तो इसके जिदार वो सब लोग होंगे। बता दें कि पायल घोष ने मीटू के दौरान अनुराग कश्यप पर गंभीर आरोप लगाया फिर साजिद खान को लपेटे में लिया और बाद में सलमान खान और बिग बॉस को भी नहीं छोड़ा। कई कॉन्ट्रोवर्सीज का हिस्सा रहीं पायल घोष पोस्ट में लिखती हैं कि ओशिवारा पुलिस मेरे घर आई थी अगर मुझे कुछ हो गया तो कोई नहीं बचेगा। मेरे साइकाइट्रिस्ट से पूछिए कि मैं किन चीजों से होकर गुजर रही हूं। मैं सुशांत नहीं पायल घोष हूं... मरूंगी तो सबको फंसा के मरूंगी। पायल घोष ने पोस्ट में अपने हाथों से लिखा ये खास नोट भी शेयर किया है। वो साफ तौर पर लिखती हैं कि अगर सुसाइड करती हूं या हार्ट अटैक आता है तो वो लोग जिदार होंगे। दूसरी पोस्ट में पायल ने बताया कि 2020 में जब अनुराग कश्यप को लेकर खुलकर बोला तो मेरे एंग्जायटी अटैक जादू की तरह गायब हो गए। मैं अपनी नॉर्मल लाइफ जीने लगी। पायल ने साफतौर पर लिखा कि उनकी इस हालत के जो भी जिदार हैं वो किसी को भी नहीं छोड़ेंगी। 2020 में पायल घोष ने खुलकर ये इजहार किया था कि अनुराग कश्यप ने साल 2013 में उनका शोषण किया था। पायल घोष अनुराग कश्यप के खिलाफ एशन को लेकर कई बार ट्वीट कर चुकी हैं लेकिन अभी तक किसी भी तरह का एशन नहीं लिया गया।

# हाईएस्ट पेड एटर बने अल्लू अर्जुन

बॉलीवुड | मसाला



प्रभास को पीछे छोड़ अल्लू अर्जुन साउथ सिनेमा के हाईएस्ट पेड एटर बन गए हैं। संदीप रेड्डी वंगा और भूषण कुमार की फिल्म के साथ हिंदी डेू करने जा रहे अल्लू अर्जुन ने 125 करोड़ रुपए की फीस चार्ज की है। इसके साथ ही अल्लू अर्जुन ने फिल्म इंडस्ट्री में एक नए ट्रेंड की शुरुआत कर दी है।

फिलहाल, अल्लू अर्जुन पुष्पा-2 की शूटिंग में बिजी हैं। प्रभास की 'स्पिरिट' की शूटिंग पूरी होने के बाद अल्लू अर्जुन स्टारर संदीप रेड्डी वंगा और टी-सीरीज की फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' के लिए जूनियर एनटीआर और राम चरण ने 75 करोड़ की फीस चार्ज की थी। 'आरआरआर' अब ऑस्कर्स तक पहुंच गई है। अल्लू अर्जुन की फीस में इजाफा करने के बाद जूनियर एनटीआर और राम चरण भी अपना चार्ज बढ़ा सकते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टी-सीरीज और वंगा भद्रकाली प्रोडशन में बन रही अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म का टाइटल 'भद्रकाली' हो सकता है। इस फिल्म में स्पिरिचुअल कनेशन होने की उीद है। बड़े स्केल पर बनाई जा रही इस फिल्म में इंसाफ के इमोशन को फिल्माया गया है। साउथ सिनेमा में कदम रखने जा रहे टी-सीरीज के भूषण कुमार बोले-हम सिर्फ हिंदी फिल्मों में काम करने के दायरे को तोड़ने जा रहे हैं। अब हम साउथ और रीजनल सिनेमा में शुरुआत कर रहे हैं। इसके अलावा टी-सीरीज और भद्रकाली प्रोडशन 'एनिमल' फिल्म पर भी काम कर रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर, अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना नजर आएंगे।

**125 करोड़ होगी एक फिल्म की फीस**

### अल्लू अर्जुन की अपकमिंग फिल्में

2024 में 'पुष्पा: द रूल' और 'आइकॉन' रिलीज होगी। 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'पुष्पा: द राइज' 2021 में बॉस ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। फिल्म ने कुल 373 करोड़ की कमाई की थी।

# सिंटाडेल की फीस से खुश हैं प्रियंका चोपड़ा

मार्वल स्टूडियोज की फिल्मों के निर्देशन से दुनिया भर में नाम कमाने वाले रूसो ब्रदर्स की वेब सीरीज 'सिटाडेल' इन दिनों चर्चाओं में है। इसमें देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा शीर्ष भूमिका में दिखाई देंगी। हाल ही में इसका ट्रेलर सामने आया, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। प्रियंका वेब सीरीज में जबरदस्त एशन करती दिखेंगी।

अपनी इस वेब सीरीज को लेकर प्रियंका काफी उत्सुक हैं। इस बीच प्रियंका ने कहा कि उनके 22 साल के करियर में पहली बार उन्हें लीड एटर के बराबर फीस मिली है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने इस बात का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हो सकता है मैं ऐसा बोलने के बाद मुश्किल में पड़ जाऊंलेकिन यह इस बात पर निर्भर करता है कि मेरी कही हुई बात को कौन देख रहा है।

प्रियंका चोपड़ा अपनी बात को जारी रखते हुए कहा कि मैं एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में 22 सालों से काम कर रही हूं। इस दौरान मैंने करीब 70 से ज्यादा फीचर और दो टीवी शो किए। लेकिन सिटाडेल में पहली बार ऐसा हुआ कि मुझे वेतन में समानता मिली। ऐसा मेरे करियर में पहली बार हुआ है। मैं भी बराबर काम करती थी, लेकिन हमेशा ऐसा हुआ कि मुझे कम वेतन दिया गया। अमेजन स्टूडियो ने कहा कि आप यह सब डिजर्व करती हैं। आप दोनों को-लीड्स है, अगर ऐसे में आपको कम फीस दी जाए तो यह अनफेयर हो जाएगा।



अजब-गजब | बिना अनुमति के चलाई थी 106 किमी. कार

# कौन थी कार चलाने वाली दुनिया की पहली महिला



दुनिया में महिलाएं पुरुषों से किसी मामले में पीछे नहीं हैं। भारत समेत दुनिया के कई देशों में महिलाएं ट्रेन से लेकर प्लेन तक उड़ा रही हैं। लेकिन या जानते हैं कि दुनिया में किस महिला ने सबसे पहले कार चलाई थी? भारत में पहली बार कार चलाने वाली महिला कौन थी? आज हम आपको इन सवालों के जवाब बताएंगे।


इस भागदौड़ भरी दुनिया में महिलाएं सभी काम कर रही हैं। महिला कार भी चला रही हैं, लेकिन इसमें सबसे बड़ा योगदान बेर्था बेंज का है। बेंथा बेंज दुनिया की वह महिला हैं जिन्होंने सबसे पहले कार चलाई थी। उन्होंने मर्सिडीज बेंज के संस्थापक और अपने पति कार्ल बेंज की बिना अनुमति के कार चलाई थी। बेंजा ने पहली बार 106 किमी तक कार चलाया था। सबसे खास बात यह है कि इस कार में सिर्फ तीन पहिए थे। फोर्ड से बहुत पहले कार्ल बेंज ने काम करने वाली कार बना दी थी।

फोर्ड ने दुनिया की पहली और सस्ती कार को बाजार में उतारा था। यह सस्ती कार मॉडल-टी थी, लेकिन कार्ल बेंज ने पहले ही पहली कार के तौर पर पेटेंट-मोटर व्हीकल मॉडल-3 बनाई थी। हालांकि बनाने के तीन साल तक एक भी कार की बिक्री नहीं हुई। इसके बाद बेर्था ने कार्ल बेंज को सलाह दी कि नई कार को सड़क पर चलाकर दिखाया जाना चाहिए। इससे लोगों को कार के बारे में जानकारी मिलेगी और इसकी बिक्री होगी। बेर्था की इस विचार से कार्ल बेंज सहमत नहीं थे। उन्होंने सड़क पर कार को चलाकर प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं दी।

### बिना मंजूरी के बेर्था ने चलाई कार

बेर्था ने अगस्त 1888 में कार को पति कार्ल बेंज और कंपनी के अधिकारियों से बिना इजाजत के सड़क पर कार को चलाया। उन्होंने इसकी क्षमता को दिखाने के लिए 106 किमी तक कार चलाई। इसके बाद वह दुनिया की कार चलाने वाली पहली महिला बन गईं।

# लहसुन-प्याज के नाम से खौफ खाते हैं इस गांव के लोग, सालों से किसी ने नहीं चखा स्वाद



प्याज और लहसुन अपने घटते-बढ़ते दामों की वहज से हमेशा खबरों की हेडलाइन में बने रहते हैं। ज्यादातर घरों में इनका इस्तेमाल किया जाता है। प्याज-लहसुन के इस्तेमाल से खाने का स्वाद बढ़ जाता है। यह शरीर की इुनिटी पर जबरदस्त असर दिखाते हैं और मौसमी बीमारियों के खतरे को कम करते हैं। इतने फायदे होने के बाद भी कई लोग इससे परहेज करते हैं लेकिन आज हम आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पिछले 40 से 45 सालों से लहसुन-प्याज का इस्तेमाल नहीं किया गया है। गांव में मौजूद सभी घरों में लहसुन-प्याज खाने से लोग दूरी रखते हैं। इसका इतना खौफ है कि इसे बाजार से भी नहीं खरीदते हैं। जिस गांव का यहां जिक्र किया जा रहा है, वह बिहार के जहानाबाद के नजदीक है। यह गांव जहानाबाद जिला मुलय से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित है जिसे त्रिलोकी बिगहा गांव के नाम से जाना जाता है जोकि चिरी पंचायत के अंतर्गत आता है। इस गांव में तकरीबन 30 से 35 घर मौजूद हैं और यहां के सभी घरों में प्याज और लहसुन खाने की साफ मनाही है। यहां के सभी लोग बिना प्याज और लहसुन का खाना खाते हैं। त्रिलोकी बिगहा गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि इस गांव में तकरीबन 40 से 45 साल पहले ही लोगों ने प्याज और लहसुन खाना छोड़ दिया था और इस परंपरा का पालन यहां के लोग लंबे समय से करते चले आ रहे हैं। गांव के बुजुर्गों की मानें तो गांव में ठाकुरबाड़ी का मंदिर मौजूद है जो कि सालों पुराना है और इसी मंदिर की वजह से लोगों ने लहसुन-प्याज से दूरी बना ली है। उनका कहना है कि कई लोगों ने इस परंपरा को तोड़ने की कोशिश की तो उनके घरों में कई तरह की अनहोनी देखी गई। इन घटनाओं के बाद यहां के लोगों ने लहसुन-प्याज खाना ही नहीं बल्कि बाजार से लाना भी छोड़ दिया। सिर्फ लहसुन और प्याज ही नहीं इस गांव में मांस और शराब जैसी चीजों की स मनाही है। यहां आपको कोई भी शराब पीते हुए नहीं नजर आएगा और यहां के लोगों ने मांस का भी त्याग कर रखा है।

लोक पहल, राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक, मुमुक्षु आश्रम, शाहजहॉपुर, प्रधान संपादक अरूण पाराशरी

लोक पहल हिन्दी साप्ताहिक स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. अवनीश कुमार मिश्रा द्वारा शाहजहॉपुर प्रिन्टर्स जज साहब वाली गली, तारीन बहादुरगंज जिला शाहजहॉपुर 242001 से मुद्रित व 160 रोशनगंज लक्ष्मी राईस मिल, शाहजहॉपुर 242001 उ0प्र से प्रकाशित। संपादक–सुयश सिन्हा मो. 9935740205 E-mail : lokpahalspn@gmail.com समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र शाहजहॉपुर होगा।